प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 शुक्रवार** **दिनांक 13.03.2026**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**मुख्य समाचार:–**

1– प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त जारी की।

2– प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती के मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने–अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।

3– कल बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री गौधाम योजना की औपचारिक शुरूआत करेंगे।

और

4– राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में कल चौदह मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।

..........

<u>किसान सम्मान निधि–राशि</u>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज असम के गुवाहाटी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की बाईसवीं किस्त की जारी की। योजना के तहत छत्तीसगढ के चौबीस लाख इकहत्तर हजार से अधिक किसानों के खाते में चार सौ अंठानवे करोड़ तिरासी लाख रूपए की राशि अंतरित की गई।

समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना देश के छोटे किसानों के लिए, सामाजिक सुरक्षा का एक माध्यम बन गई है। उन्होंने कहा कि एमएसपी, सस्ता ऋण, फसल बीमा के साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि योजना किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी हैं।

इधर, छत्तीसगढ़ के रायपुर स्थित इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय परिसर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, कृषि मंत्री रामविचार नेताम सहित विधायकों और जनप्रतिनिधियों ने भी प्रधानमंत्री के भाषण के सजीव प्रसारण को सुना। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ छत्तीसगढ़ के किसानों को भी मिल रहा है, जिसके लिए छत्तीसगढ़ के किसान प्रधानमंत्री के आभारी हैं।

<u>मुख्यमंत्री–हरित शिखर सम्मेलन</u>

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज रायपुर के पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ऑडिटोरियम में आयोजित दूसरे छत्तीसगढ़ हरित शिखर सम्मेलन में शामिल हुए। समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ ग्रीन इकोनॉमी के क्षेत्र में अपनी भूमिका सशक्त बना रहा है और देश में ग्रीन इकोनॉमी के क्षेत्र में नई पहचान बन रही है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सम्मेलन में प्रस्तुत शोधों के संकलन पर आधारित पुस्तक "एब्स्ट्रेक्ट", सम्मेलन की प्रमुख चर्चाओं पर आधारित "हाइलाइट्स ऑफ द समिट" तथा जनजातीय कहानियों और परम्पराओं पर आधारित पुस्तक "कथा कंथली" का विमोचन किया।

<u>मुख्यमंत्री–निर्देश</u>

प्रदेश में अवैध रूप से अफीम की खेती के मामले सामने आने के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सभी जिलों के कलेक्टरों को अपने–अपने जिलों में संभावित क्षेत्रों का व्यापक सर्वे कराने के निर्देश दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि पन्द्रह दिवस के भीतर प्रमाण पत्र सहित विस्तृत जांच रिपोर्ट शासन को प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन और कारोबार के प्रति सरकार जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्य कर रही है।

आयुक्त भू–अभिलेख द्वारा सभी जिला कलेक्टरों को सर्वे कर जांच रिपोर्ट और उनके जिले में अफीम की खेती नहीं किए जाने संबंधी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के संबंध में एक पत्र जारी किया गया है।

<u>अफीम खेती–आरोपी गिरफ्तार</u>

बलरामपुर जिले के करौधा थाना इलाके के तुर्रीपानी गांव में अफीम की खेती के मामले में पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो करोड़ रुपए का अफीम जब्त किया गया है।

गौरतलब है कि बलरामपुर जिले में दो अलग–अलग जगह पर अफीम की खेती का मामला पिछले दिनों सामने आया था। इसके बाद पुलिस ने कुसमी थाना क्षेत्र के त्रिपुरी गांव में अफीम की खेती के मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया था।

समाधान योजना

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल रायपुर के पंडित जवाहरलाल नेहरू स्मृति चिकित्सालय स्थित सभागार से मुख्यमंत्री बिजली बिल भुगतान समाधान योजना का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि समाधान योजना के माध्यम से लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं कर पाने वाले प्रदेश के निम्न और मध्यम आय वर्ग तथा कृषि उपभोक्ताओं को राहत देने की पहल की गई है। योजना के तहत प्रदेश के अट्ठाईस लाख बयालीस हजार उपभोक्ताओं को कुल सात सौ संतावन करोड़ रुपए की राहत दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिविर लगाकर और व्यापक प्रचार–प्रसार के माध्यम से अधिक से अधिक उपभोक्ताओं को समाधान योजना से जोड़ा जाए।

विधानसभा समाचार

राज्य विधानसभा के बजट सत्र के दौरान आज सदन में ध्यानाकर्षण सूचना के माध्यम से विपक्षी सदस्यों ने नई शिक्षा नीति के पालन को लेकर स्कूल शिक्षा मंत्री का ध्यान आकर्षित कराया। कांग्रेस सदस्य राघवेंद्र सिंह ने आरोप लगाया कि राज्य में नई शिक्षा नीति का पालन सही ढंग से नहीं हो रहा है। जवाब में स्कूल शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने बताया कि नई शिक्षा नीति में बाईस छात्रों में एक शिक्षक की व्यवस्था का प्रावधान है। छत्तीसगढ़ में युक्तियुक्तकरण के तहत आज औसत उन्नीस छात्रों में एक शिक्षक हैं। हालांकि, मंत्री ने स्वीकार किया कि वर्तमान में सभी स्कूलों में नई शिक्षा नीति पूरी तरह लागू नहीं हो पाई है।

इस बीच, विधानसभा में आज राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा और स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव के विभागों की अनुदान मांगों को चर्चा के बाद पारित कर दिया गया।

इससे पहले, कांग्रेस विधायक दलेश्वर साहू ने मंत्री टंकराम वर्मा के विभागों की अनुदान मांगों पर चर्चा की शुरूआत की। उच्च शिक्षा विभाग और राजस्व विभाग के सचिवों और वरिष्ठ अधिकारियों के सदन की पदाधिकारी गैलरी में उपस्थित न होने पर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति जताई और चर्चा में हिस्सा न लेने की बात कहते हुए सदन से बहिर्गमन कर दिया। बाद में सचिवों के पदाधिकारियों के गैलरी में पहुंचने पर कांग्रेस विधायक सदन की कार्यवाही में शामिल हुए।

केन्द्र–प्राकृतिक आपदा राशि

केंद्र सरकार ने प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित राज्यों की मदद के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। इस निर्णय के तहत छत्तीसगढ़ को पन्द्रह करोड़ सत्तर लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई उच्च स्तरीय समिति ने वर्ष दो हजार पच्चीस के दौरान आपदाओं से प्रभावित राज्यों के लिए लगभग एक हजार नौ सौ तेरह करोड़ रुपये की अतिरिक्त केंद्रीय सहायता को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार द्वारा यह सहायता राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष से जारी की जाएगी। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्राकृतिक आपदाओं से निपटने में केंद्र के इस अतिरिक्त सहयोग के लिए केंद्रीय गृहमंत्री का आभार व्यक्त किया है।

## मुख्यमंत्री–गौधाम योजना

कल बिलासपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय गौधाम योजना की औपचारिक शुरूआत करेंगे। राज्य सरकार द्वारा निराश्रित और घुमंतू गौवंश के संरक्षण तथा उनके समुचित व्यवस्थापन के लिए यह योजना शुरू की जा रही है। योजना के अंतर्गत राज्य के अन्य जिलों में भी उनतीस गौधामों का शुभारंभ किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि एवं पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम, छत्तीसगढ़ गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहेंगे।

गौरतलब है कि गौधाम योजना के तहत राज्य के प्रत्येक विकासखंड में दस गौधाम स्थापित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके अनुसार पूरे राज्य में कुल एक हजार चार सौ साठ गौधाम स्थापित किए जाएंगे, जहां गौवंश के लिए शेड, फेंसिंग, पेयजल, बिजली जैसी आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## राष्ट्रीय लोक अदालत

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के तत्वावधान में कल चौदह मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसी कड़ी में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर द्वारा प्रदेश के सभी जिला और व्यवहार न्यायालयों में भी लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें मोटर दुर्घटना दावा से संबंधित प्रकरण, चेक बाउंस, जल कर, संपत्ति कर, राजस्व संबंधी प्रकरण ट्रैफिक चालान, भाड़ा नियंत्रण और आबकारी से संबंधित मामलों का निराकरण किया जाएगा। इसी प्रकार बैंक, विद्युत संबंधी प्री–लिटिगेशन प्रकरण, राजस्व न्यायालय खंडपीठ में खातेदारों के मध्य आपसी बंटवारे तथा वारिसों के मध्य बंटवारे का निराकरण किया जाएगा।

## बातों–बातों–में

प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार माय भारत संगठन द्वारा प्रदेश में किए जा रहे कार्यों पर माय भारत के प्रभारी राज्य निदेशक अर्पित तिवारी से ली गई भेंटवार्ता का प्रसारण किया जाएगा। इस कार्यक्रम का प्रसारण कल चौदह मार्च को आकाशवाणी केन्द्र रायपुर द्वारा एफ.एम. और प्राईमरी चैनल पर सुबह नौ बजे से किया जाएगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

## मौसम

मौसम विभाग ने कल दक्षिण बस्तर में एक–दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने की संभावना जताई है, जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं, शेष हिस्सों में मौसम शुष्क रहेगा और अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>